# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 07.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 07.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेंद्र कुमार सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री बृजमोहन द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट श्री राजेन्द्र प्रसाद भारती द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 5954/2011 धारा 447/352 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त हीरालाल पुत्र रामचरन निवासी चितरागोकुलपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 600/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**(4).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार एवं पैरोकार आरक्षी संजीव कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री बृजमोहन द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट श्री राजेन्द्र प्रसाद भारती द्वारा थाना राजापुर में पंजीकृत एनसीआर नं0 141/2012 धारा 504/506 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1. छोटा पुत्र चौबा निषाद 2. श्यामसुन्दर पुत्र चौबा निषाद निवासी रेवटन पुरवा तीर धुमाई गंगू थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 3000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर एवं चौकी शिवरामपुर की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की 03 घटनाओं का खुलासा 02 अभियुक्तों को चोरी की 07 मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. रवि निषाद पुत्र मंगी केवट निवासी गोकुलपुरी गल्लामण्डी कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट
2. अमित केशरवानी पुत्र भागवत केशरवानी निवासी आदर्श गली कसहाई रोड़ कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट

बरामदगी-

1.चोरी की 07 अदद मोटरसाइकिल

1. बिना नम्बर प्लेट HF डीलक्स लाल काला इन्जन HA11EMH4K08150 चेचिस नम्बर MBLHA7158H4K08408

2. UP96C6723 चेचिस न0 MBLHA10AWCGK23504

3. गाड़ी नम्बर UP90C4996 लाल रंग स्प्लेण्डर पुरानी चेचिस व इन्जन नम्बर नही पड़ने में नही आ रहा ऊपर से बेल्डिग किया हुआ है।

4. बिना नंबर मेहरून कलर स्प्लेंडर प्रो इंजन नंबरHA10ERFHE28761,चेचिस नंबर MBLHA10BFFHE18406

5. बिना नंबर सीडी डीलक्स लाल रंग इंजन नं0 HA11EJG9E11681 चेसिस नंबर अपठनीय

6. स्प्लेंडर प्लस काली रंग इंजन नंबर 04J15M00725 चेसिस नंबर 04J16C00790 तथा 7.कटी हुई बोरी में कुल पार्ट्स अलग अलग है। चेचिस नंबर MBLHAC029KHA06647

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

गल्ला मण्डी, 06.12.2024, 22.45 बजे

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 06.12.2024 को चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्री श्यामदेव सिंह,श्री सत्यमपति त्रिपाठी,चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री शनि चतुर्वेदी एवं उनकी टीम द्वारा गल्ला मण्डी पर वाहन चेकिग रहे थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गल्ला मण्डी में बैठे हुए है। सूचना पर मौके पर पहुँचकर दोनो से उनका नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम 1. रवि निषाद पुत्र मंगी केवट निवासी गोकुलपुरी गल्लामण्डी कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट तथा दूसरे ने अपना नाम 2.अमित केशरवानी पुत्र भागवत केशरवानी निवासी आदर्श गली कसहाई रोड़ कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट बताया। दोनो से मोटरसाइकिल के कागजात के बारे में पूछा तो बताने में असमर्थता प्रकट करने लगे कडाई से पूछा गया तो बताए कि दोनो मोटरसाइकिल चोरी की है। दोनो ने बताया कि दोनों मोटरसाकिल के मिस्त्री है मोटरसाइकिल चोरी कर उनके पार्ट्स अलग कर बेच दिया करते है । कड़ाई से पूंछताछ में बताए कि हम दोनो ने 04 अन्य मोटरसाइकिल चोरी की है जो बगल वाली सटर में 04 चालू हालत में 01 कटी हुई जीना के नीचे रखी हुई है। बताए गए स्थान पर मौके पर जाकर देखा तो 04 मोटरसाइकिल चालू हालत,01 कटी हुई बरामद हुई। बरामद मोटरसाइकिल जिसने रजिस्ट्रेशन नम्बर,चेचिस नम्बर क्रमशः 1. बिना नम्बर प्लेट HF डीलक्स लाल काला इन्जन HA11EMH4K08150 चेचिस नम्बर MBLHA7158H4K08408 2. UP96C6723 चेचिस न0 MBLHA10AWCGK23504 3. गाड़ी नम्बर UP90C4996 लाल रंग स्प्लेण्डर पुरानी चेचिस व इन्जन नम्बर नही पड़ने में नही आ रहा ऊपर से बेल्डिग किया हुआ है 4 बिना नंबर मेहरून कलर स्प्लेंडर प्रो इंजन नंबर HA10ERFHE28761, चेचिस नंबर MBLHA10BFFHE18406 5. बिना नंबर सीडी डीलक्स लाल रंग इंजन नं0 HA11EJG9E11681 चेसिस नंबर अपठनीय 6. स्प्लेंडर प्लस काली रंग इंजन नंबर 04J15M00725 चेसिस नंबर 04J16C00790 तथा 7.कटी हुई बोरी में कुल पार्ट्स अलग अलग है। चेचिस नंबर MBLHAC029KHA06647 के नंबर को ई चालान एप पर चेक किया गया तो धर्मराज पुत्र राममिलन निवासी रघुवंशी पहाड़ी मो0 नं0 8127822649 अंकित है जिस पर मिलाकर बात की गई तो बता रहे है कि दिनांक 29.11.2024 को सोसायटी पहाड़ी से चोरी हो गई है। जिसका मु0अ0सं0 222/024 थाना पहाड़ी में लिखाया हूं। उपरोक्त सभी गाड़ियों के बारे में क्र0सं0 3. पर अंकित मु0अ0सं0737/2024 जो माह सितंबर में जिला अस्पताल सोनपुर से चोरी करना व मु0अ0सं0 736/2024 जो क्रमांक 04 पर अंकित है को दिनांक 04.12.2024 को गल्ला मंडी से चोरी करना दोनों बता रहे है। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्री श्यामदेव सिंह

2.उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी

3.चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री शनि चतुर्वेदी

4.उ0नि0 श्री अनुभव कुमार

5.आरक्षी कुलदीप द्विवेदी

6.आरक्षी बहोरन सिंह

7.आरक्षी शिवपूजन

8.आरक्षी शिवपूजन
9.आरक्षी नरेन्द्र
10.आरक्षी राहुल देव
11.आरक्षी विवेक राजा

(5). आज दिनाँक 07.12.2024 को मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने कुंभ मेले के दृष्टिगत विकासखंड मऊ में वाहन पार्किंग के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास एवं औद्योगिक परिक्षेत्र, ओवरी, शुभ ढाबा के पास मऊ में स्थलीय निरीक्षण किया। मंडलायुक्त महोदय ने कहा कि इन स्थलों पर घास की सफाई कर समतलीकरण कराए साथ ही यहां पर मोबाइल टॉयलेट पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी मऊ को निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों पर बैनर होर्डिग की भी लगवाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि पार्किंग के लिए और अतिरिक्त जगह चिन्हित करें जिससे की पार्किंग में समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि पार्किंग में लाइट व पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराए। मंडलायुक्त ने कहा कि जो बिजली के तार ग्राउंड से जा रहे हैं उसको भी चेक कराए तार लटकता नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जल संस्थान को भी निर्देशित किया कि औद्योगिक परिक्षेत्र में बनी टंकी संचालित है तो पार्किंग में पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों में टेंट लाईट की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जो पार्किंग के लिए जगह चिन्हित की गई है उसमें पुलिस सहायता केंद्र बनवाए एवं महाकुंभ तक पार्किंग को अपने मेले तक रखे। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) श्री फहद अली, खंड विकास अधिकारी श्री रामजी मिश्रा,अधिशासी अधिकारी श्री बालकृष्ण गौतम, थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी पीआरओ श्री प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

(6). आज दिनाँक-07.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना बरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, अद्यावधिक,बंदीगृह,सीसीटीएस कार्यालय,प्रभारी निरीक्षक कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क एवं नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष बरगढ़ को थाना परिसर की साफ सफाई कराने हेतु बताया गया।

निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी, पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री अरविन्द्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में साइबर अपराधों की विवेचना सहित डिजिटल एविडेंस प्राप्त करने के सम्बन्ध में चित्रकूट इण्टर कॉलेज.जे0एम0 बालिका इण्टर कॉलेज एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में 01 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में चित्रकूट पुलिस को साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट श्री मोहित बजाज(अधिवक्ता) एण्ड टीम लखनऊ द्वारा 01 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस कार्यशाला में जनपद के चित्रकूट इण्टर कॉलेज.जे0एम0 बालिका इण्टर कॉलेज के छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया तथा पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में समस्त थानों में गठित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त पुलिसकर्मी एवं आईटी एक्ट के विवेचक, साइबर सेल, स्वाट/सर्विलांस की टीम, समस्त थानों के साइबर अपराध व आईटी एक्ट के विवेचक, क्राइम ब्रांच टीम व स्वेच्छा से प्रतिभाग करने वाले अन्य पुलिसकर्मियों को साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड, नेट बैंकिग फ्राड, साइबर सिक्योरिटी, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से

फ्राड, ATM पिन सिक्योरिटी, ई-मेल सिक्योरिटी, सेक्सटोर्सन, हनी ट्रैप, OTP फ्राड, UPI फ्राड, QR कोड, ऑनलाइन शॉपिंग फ्राड के सम्बन्ध में जानकारी देने सहित वैज्ञानिक तरीके से साइबर अपराध की विवेचना करने के बारे में बताया गया । थानों में आने वाले पीड़ितों की किस प्रकार मदद करें के साथ साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेष रुप से बैंक फ्रॉड रोकने व सभी प्रकार के फ्रॉड के साक्ष्य संकलन करने के तरीके सहित डिजिटल एविडेंस व फिजिकल एविडेंस के साक्ष्य संकलन के वैज्ञानिक तरीके व विभिन्न ऐप के माध्यम से साइबर अपराध रोकने व साइबर अपराध का खुलासा करने के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी ।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रभारी साइबर सेल/सोशल मीडिया सेल निरीक्षक श्री निशिकान्त राय,प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री श्रीप्रकाश यादव, निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी श्री लाखन सिंह,निरीक्षक अपराध थाना सरधुवा श्री अंजनी कुमार सिंह पुलिस कार्यालय की साईबर सेल की टीम, सोशल मीडिया की टीम सहित जनपद के समस्त थानों से आये विवेचक व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।

(8). आज दिनाँक 07.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन/कार्यालय श्री अरविन्द कुमार वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में कोत0 कर्वी पुलिस बल के साथ शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु कर्वी शहर के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । संदिग्ध वाहनों,संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछताछ की गयी।